भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
05.04.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 5440 का उत्तर

समुद्र के नीचे बुलेट ट्रेन

5440. श्री घनश्याम सिंह लोधी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या समुद्र के नीचे बुलेट ट्रेन चलाने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक चालू किए जाने की संभावना है और इस पर कितनी लागत आएगी;

(ग) उक्त बुलेट ट्रेन सुरक्षा के दृष्टिकोण से किस सीमा तक सुरक्षित रहेगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): जी हां। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) ठाणे क्रीक में 21 किमी. लंबी समुद्री सुरंग से होकर गुजरेगी।

एमएएचएसआर परियोजना की अनुमानित लागत 1,80,000 करोड़ रु. है, जिसमें सुरंग के भाग के कार्य की लागत शामिल है। इस परियोजना के शुरू होने की प्रत्याशित समय-सीमा, भूमि अधिग्रहण कार्य, तकनीकी स्वीकृतियों और संबंधित समय-सीमाओं के पूरा होने पर निर्धारित की जा सकती है।

(ग) और (घ): एमएएचएसआर परियोजना विश्र्व स्तरीय जापानी शिंकानसेन प्रौद्योगिकी पर आधारित है जो विश्वसनीयता और संरक्षा के लिए प्रसिद्ध है। 1964 में इस प्रौद्योगिकी के लागू होने के बाद जापानी शिंकानसेन पर हताहत होने की कोई घटना नहीं हुई है।

******